मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
■ वर्ष : 42 ■ अंक : 298 ■ मंगलवार, 25 फरवरी 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
@ulhasvikas
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**10 मार्च को अजित पवार पेश करेंगे बजट**

# फरवरी में ही आग बरसा रहे सूर्य देवता

**38**

**डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान**



**कल्याण.** ठंड का मौसम कम हो गया है और ठाणे जिले में तापमान दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। पिछले सप्ताह ठाणे का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था। पिछले कुछ वर्षों में शहर का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इससे पहले 25 मार्च 2018 को ठाणे के इतिहास में सबसे अधिक तापमान 44.3 दर्ज किया गया था। इस बढ़े हुए तापमान से नागरिक स्तब्ध हैं। अब फरवरी के महीने में ही सूर्य देवता आग बरसा रहे हैं।

कुछ दिनों से ठंड कम हो रही है। यद्यपि रात और सुबह के समय हवा में ठंडक है, लेकिन दोपहर में तापमान बढ़ रहा है। इस बढ़ती गर्मी से नागरिक स्तब्ध हैं। दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक गर्मी काफी बढ़ जाती है। ऐसा लगता है जैसे सूरज में आग लगी हो। इसलिए पिछले कुछ दिनों से गन्ने के रस और नींबू पानी बेचने वालों के ठेलों पर नागरिकों की भीड़ नजर आ रही है। कुछ लोग तो दोपहर में घर से बाहर निकलने से भी बचते हैं। कई महिलाओं ने तो गर्मी से बचने के लिए स्कार्फ का उपयोग भी शुरू कर दिया है।

शनिवार, 22 फरवरी को तापमान 38 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। पिछले कुछ वर्षों से ठाणे का तापमान लगातार बढ़ रहा है। समुद्र तट के किनारे बसे शहरों में आर्द्रता का स्तर अधिक होता है। जब तापमान 30 डिग्री से ऊपर हो, आर्द्रता का स्तर 60 प्रतिशत से अधिक है। तब, शरीर का तापमान 3 से 4 डिग्री तक बढ़ जाता है। इसलिए गर्मी अधिक महसूस होती है। आम नागरिकों, स्कूली छात्रों और श्रमिकों पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए पिछले वर्ष ताप नियंत्रण उपाय कार्य योजना तैयार की गई थी। पिछले वर्ष तैयार की गई यह ताप नियंत्रण एवं शमन कार्य योजना, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के 2019 दिशानिर्देशों पर आधारित है। इस कार्ययोजना का मुख्य उद्देश्य अत्यधिक गर्मी से होने वाली मौतों को रोकना, अत्यधिक गर्मी से होने वाली बीमारियों को रोकना तथा इससे होने वाले आर्थिक नुकसान को कम करना है।

### हीटवेव के लिए येलो अलर्ट जारी

फरवरी का महीना चल रहा है. इस महीने में मौसम सामान्यतः मौसम ठंडा रहता है, लेकिन मुंबई सहित आस-पास के जिलों में गर्मी बढ़ने की संभावना है. क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने अगले तीन के लिए हीटवेव के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. यह अलर्ट मुंबई के साथ ही ठाणे, पालघर, नवी मुंबई और कोंकण बेल्ट के लिए जारी किया गया है. इसका मतलब है कि इन क्षेत्रों में अगले तीन दिनों तक गर्मी ज्यादा पड़ने की संभावना है. ऐसे में लोगों को फरवरी महीने में ही चिलचिलाती गर्मी से सतर्क रहने की आवश्यकता है.

### सीमेंट के जंगल से बढ़ रहा तापमान

आज शहर का विस्तार हो रहा है। बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य चल रहा है। पहले जो मिट्टी थी वह गर्मी को अवशोषित कर रही थी। अब यह नष्ट हो चुका है। इसकी जगह सीमेंट का जंगल बन गया। वर्तमान में, कांच का उपयोग निर्माण में बड़े पैमाने पर किया जाता है। कांच गर्मी को परावर्तित करता है, जिसके कारण तापमान बढ़ जाता है। इस क्षेत्र के आर्द्रभूमि में मैंग्रोव नष्ट हो रहे हैं।

| तारीख | तापमान |
|---|---|
| 17 फरवरी | 36.04 |
| 18 फरवरी | 37.02 |
| 19 फरवरी | 36.00 |
| 20 फरवरी | 36.07 |
| 21 फरवरी | 37.08 |
| 22 फरवरी | 38.07 |

# शिवमंदिर यात्रा पर पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त

**महाकुंभ को देखते हुए इस वर्ष बड़ी संख्या में भक्तों के आने की संभावना**



**अंबरनाथ.** महाशिवरात्रि पर्व पर 26 फरवरी को ऐतिहासिक शिवमंदिर की यात्रा है. महाकुंभ को देखते हुए इस वर्ष शिवदर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्तों के आने की संभावना है. पुलिस प्रशासन इस बात को लेकर सतर्क हो गया है. इस वर्ष पुलिस बंदोबस्त भी तगड़ा रखा गया है. अंबरनाथ के सहायक पुलिस आयुक्त शैलेष काले ने बताया कि दो सहायक पुलिस आयुक्त, सात पुलिस निरीक्षक, 37 सहायक पुलिस निरीक्षक, पुलिस उप निरीक्षक और 350 से 400 पुलिसकर्मियों का बंदोबस्त रहेगा. उन्होंने भक्तों से अपील की है कि मंदिर तक दर्शन करने आने के लिए वाहन का उपयोग ना करें. चेन स्नैचिंग ना हो इसके लिए अपील की गई है कि सोने के गहने पहन कर यात्रा में न आएं. शिवमंदिर में दर्शन के लिए आने वालों एवं दर्शन लेकर बाहर जाने वालों के लिए अलग-अलग रास्ते बैरिकेड बनाए गए हैं. ताकि भीड़ बढ़ने पर धक्का, मुक्की, चेंगरा-चेंगरी ना हो. कायदा व सुव्यवस्था बाधित ना हो, इसके लिए बड़े पैमाने पर पुलिस का बंदोबस्त रखा गया है. शिवमंदिर कमानी के पास एक पुलिस का सहायता कक्ष, दूसरा एक्जिट पॉइंट के पास और तीसरा मदद कक्ष स्वामी समर्थ मंदिर के पास बनाया गया है.

# 75 वर्षीय बुजुर्ग से 30 हजार रुपए लूटे

**कल्याण.** डोंबिवली में एक अज्ञात व्यक्ति ने 75 वर्षीय व्यक्ति से कथित तौर पर 30,000 रुपये लूट लिए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना डोंबिवली शहर में हुई।

पुलिस के अनुसार, पीड़ित ने बैंक से 30,000 रुपये निकाले थे और घर लौट रहा था तभी पास से एक अज्ञात व्यक्ति गुजरा। अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति ने कथित तौर पर पीड़ित से कहा कि उसकी शर्ट पर कुछ गंदगी गिर गई है और उसे साफ करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि जैसे ही बुजुर्ग ने अपनी शर्ट उतारी और अपना बैग एक तरफ रखा आरोपी बैग उठा कर फरार हो गया। अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आरोपी की पहचान के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# उल्हासनगर में सरकारी भूखंड पर बने अतिक्रमण पर कार्रवाई

- महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास
- उल्हासनगर-2 में हुई कार्रवाई
- स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई
- शहर के कई अवैध निर्माणों को छूट दिए हुए हैं अधिकारी



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका शहर में अनधिकृत निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन आक्रामक हो गया है। उल्हासनगर 2 के हनुमाननगर, दुर्गानगर और डंपिंग ग्राउंड क्षेत्रों में सरकारी भूखंडों पर अतिक्रमण कर अनाधिकृत निर्माण किए जाने की जानकारी मिलने पर मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले के आदेशानुसार तुरंत सख्त कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान स्थानीय निवासियों द्वारा नारेबाजी किये जाने से क्षेत्र में तनाव उत्पन्न हो गया।

उल्हासनगर महानगरपालिका के आयुक्त के आदेश के बाद अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस ने संबंधित सहायक आयुक्तों को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया।

यह कार्रवाई 24 फरवरी को पुलिस सुरक्षा में की गई। इस अभियान में 10 कमरों वाली झोंपड़ियों, 5 पक्के कमरों और 2 झोपड़ियों के निर्माण को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान स्थानीय महिलाएं आक्रामक हो गईं और हंगामा मचाया। गुस्से में एक महिला ने खुद पर केरोसिन डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की। सहायक आयुक्त, वार्ड समिति 2 और नोडल अधिकारी गणेश शिम्पी के मार्गदर्शन में प्रशासन की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

### ■ अवैध निर्माणों की गिनती होना अनिवार्य

शहर में तेजी से बढ़ रहे अतिक्रमण और अनाधिकृत निर्माणों को देखते हुए महापालिका ने अब सख्त रुख अपनाया है। संबंधित विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि सरकारी भूखंडों पर या बिना अनुमति के किसी भी निर्माण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। मनपा की इस साहसिक कार्रवाई से शहर में अनाधिकृत निर्माण कार्य करने वालों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने संकेत दिया है कि भविष्य में इस तरह के अभियान तेज किये जायेंगे। वहीं समाजसेवियों ने मांग की है कि शहर के अवैध निर्माणों की गणना होनी चाहिए और उसे नियमित करने अथवा कार्रवाई करने के लिए उचित कदम उठाना चाहिए। क्योंकि शहर में अवैध टीजी और आरसीसी का सैकड़ों की संख्या में आज भी धड़ल्ले से निर्माण कार्य चल रहा है।

# अनधिकृत फ्लैट बेचकर करोड़ों की ठगी

- बिल्डर और जमीन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** अनधिकृत इमारत का निर्माण कर उसमें 10 फ्लैट बेचकर फ्लैट मालिकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक बिल्डर और जमीन मालिक के खिलाफ विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत उल्हासनगर कैंप 4 के चिंचपाड़ा क्षेत्र में वक्रतुंड बिल्डर्स एंड डेवलपर्स कंपनी के सुभाष मारुति म्हात्रे ने अपने साझेदार बिल्डर अभिषेक सुभाषचंद्र तिवारी और उसके सहयोगी राजेश कुमार भीकनलाल शर्मा के साथ मिलीभगत करके, बिना किसी कानूनी या सरकारी अनुमति के, अपने स्वामित्व वाली जमीन पर 18 जनवरी 2017 को वक्रतुंड नामक इमारत का निर्माण पूरा किया। कल्याण डोंबिवली मनपा ने इस इमारत को अनधिकृत घोषित कर दिया था। इसके बाद यह विवाद सिविल कोर्ट और उल्हासनगर हाईकोर्ट में चलता रहा। हालांकि, इसके बावजूद 2017 से 2023 के बीच वक्रतुंड बिल्डर्स एंड डेवलपर्स ने अपने दफ्तर में फ्लैट बेचना जारी रखा।

शिकायतकर्ता दीपक सखाराम कनोरे (45) जब फ्लैट खरीदने गए तो बिल्डरों ने सही जानकारी छिपाकर और वित्तीय धोखाधड़ी करके उन्हें फ्लैट 11.95 लाख रुपये में बेच दिया। इसी तरह, बिल्डर ने बिल्डिंग में नौ अपार्टमेंट मालिकों से 1 करोड़ 8 लाख 91 हजार रुपये लेकर उन्हें अवैध अपार्टमेंट बेचकर धोखाधड़ी की। इस मामले में जब शिकायतकर्ता दीपक कनोरे ने विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई तो पुलिस ने आरोपी सुभाष म्हात्रे, अभिषेक तिवारी और राजेश कुमार शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

# सड़क निर्माण में ठेकेदार बरत रहे लापरवाही



- रायता पुल से उल्हास नदी में क्रेन गिरी, दो घायल
- नागरिकों की सुरक्षा का सवाल

**कल्याण.** कल्याण तालुका में रायता के पास उल्हास नदी पर बने पुल से एक बड़ी क्रेन रात 12:30 से 1 बजे के बीच नदी में गिर गई। इस भीषण हादसे में प्रवीण चिट्टा और नज़रहुसेन शेख घायल हो गए, जिन्हें तुरंत उल्हासनगर सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सौभाग्यवश, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालाँकि, इस दुर्घटना ने कल्याण-मुरबाड़ मार्ग पर यात्रा करने वाले नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएँ पैदा कर दी हैं। इस सड़क के निर्माण कार्य में ठेकेदार ने घोर लापरवाही बरती है। पूरे मार्ग पर कहीं भी कोई संकेत, कोई सुरक्षात्मक अवरोध, तथा धूल नियंत्रण प्रणाली नहीं है। बांस को कार्डबोर्ड के बक्से में रखकर कागज की पट्टियों से बांध दिया जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि नागरिकों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। सड़क कई जगहों पर खोदी हुई है और कुछ जगहों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। ऐसी परिस्थितियों में यात्रा करना अपनी जान जोखिम में डालने जैसा है। रात में इस मार्ग पर यात्रा करना अधिक खतरनाक हो जाता है। भारी वाहनों और गड्ढों वाली सड़कों के कारण दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ गई है।

### दुर्घटना का बना रहता है खतरा

कल्याण-मुरबाड़ सड़क का काम यह पिछले कुछ महीनों से चल रहा है। इससे पहले, शहाड फ्लाईओवर से महारलपाड़ा तक के क्षेत्र का कंक्रीटीकरण किया गया था। उस दौरान भी स्थानीय नागरिकों को भयंकर कष्ट सहना पड़ा था। इसके बाद वाघेरापाड़ा, पांजरापोल, रायते, गोवेली, रेवती, मामनोली, किशोरी, धानिवली और मुरबाड़ इलाकों में सड़क का काम चल रहा है। हालाँकि, यहाँ कोई सुरक्षा उपाय न होने के कारण नागरिकों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

# महाशिवरात्रि के दूसरे दिन पटेल आर मार्ट के 250 कर्मचारी करेंगे स्वच्छता अभियान

- NGO से भाग लेने की अपील



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के प्राचीन शिवमंदिर की महाशिवरात्रि पर्व पर यात्रा में अंबरनाथ के अलावा आसपास के शहरों से लगभग 5 लाख शिवभक्त भाग लेते हैं. यात्रा के दूसरे दिन शहर पूर्व रेलवे स्टेशन से शिवमंदिर परिसर तक गत पांच वर्षों से पटेल आर लिमिटेड और पटेल आर मार्ट के कर्मचारी कचरा उठाने, स्वच्छता अभियान में भाग लेते हैं. इस वर्ष भी यात्रा के दूसरे दिन 27 फरवरी को सुबह 6.30 बजे से पटेल के 250 कर्मचारी अंबरनाथ रेलवे स्टेशन से शिवमंदिर तक स्वच्छता अभियान करेंगे. सुबह 10.30 तक के अभियन चलेगा. इस अभियन में विविध एनजीओ और नागरिकों से भाग लेने की अपील पटेल आर मार्ट के संचालक भरत पटेल ने की है. उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पटेल आर मार्ट हर वर्ष रक्तदान शिविर, विद्यार्थियों के लिए चित्रकला स्पर्धा व अन्य सामाजिक कार्यों का आयोजन करता है. हम महाशिवरात्रि के दूसरे दिन अंबरनाथ नगर परिषद के स्वच्छता अभियान को सहकार्य करते हैं. इस यात्रा की अंबरनाथ नगर परिषद व्यवस्थी करती है. बहुत ज्यादा लोक समूह के आगे नगर परिषद और सामाजिक संस्था के हाथ कम पड़ जाते हैं. शहर में स्वच्छता रहे और शहर कचरा मुक्त हो जाए इसके लिए पटेल आर मार्ट गत पांच वर्षों से ये कार्य कर रहा है.

# गैस कटर से लोहे के फ्रेम और होर्डिंग्स हटाने का अभियान

- अनधिकृत बैनरों के खिलाफ नगर पालिका की कार्रवाई

**अंबरनाथ.** पिछले सप्ताह अनधिकृत बैनरों पर कार्रवाई के बाद, अब शहर में अंबरनाथ नगर पालिका की एक्शन मोड की तस्वीर देखने को मिल रही है, क्योंकि अंबरनाथ नगर पालिका की अतिक्रमण विरोधी टीम ने गैस कटर से बैनर और होर्डिंग्स के लोहे के फ्रेम को काटने का अभियान शुरू किया है।

मुंबई के घाटकोपर में एक इमारत पर होर्डिंग गिरने से 17 लोगों की मौत हो गई। इन सभी मामलों में बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अनधिकृत होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई तेज करने का आदेश दिया था।

इसके बाद भी अंबरनाथ नगर पालिका में अनाधिकृत होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई धीमी रही। इस संबंध में नेता ने समय-समय पर अनधिकृत होर्डिंग्स का मुद्दा उठाया। इस पर ध्यान देते हुए, अंबरनाथ नगरपालिका ने पिछले महीने अनधिकृत होर्डिंग्स के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पिछले सप्ताह 700 से अधिक अनधिकृत बैनर हटाने के बाद, अंबरनाथ नगर पालिका ने बैनरों के लोहे के फ्रेम को गैस कटर से काटने का अभियान शुरू किया है।

शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में सात-सात लोगों की टीमें बनाकर अभियान शुरू किया गया है। अतिक्रमण निरोधक दस्ते के अधिकारी नरेंद्र सांख्या ने बताया कि दिनभर में सौ से अधिक लोहे के फ्रेम काटे गए।

# अभय योजना में रिकॉर्ड कर वसूली का लक्ष्य



**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने 23 दिन की अभय योजना की घोषणा की है और पुराने रिकवरी रिकॉर्ड को तोड़ने का लक्ष्य रखा है। अभय योजना के तहत अधिकतम वसूली सुनिश्चित करने के लिए स्वयं सहायता समूहों, परिवहन सेवा बसों, घंटागाड़ीआदि का सहयोग लिया जा रहा है।

कर संग्रहण का पहला रिकार्ड 2014-15 में 103 करोड़ रुपये का था। यह रिकार्ड जहां कई वर्षों तक बरकरार रहा, वहीं 2021-22 में तत्कालीन आयुक्त डॉ. राजा दयानिधि के मार्गदर्शन में तत्कालीन संपत्तिकर उपायुक्त प्रियंका राजपूत ने 109 करोड़ 87 लाख रुपए की वसूली का नया कीर्तिमान स्थापित किया था। हालाँकि, 2022-23 में नागरिकों द्वारा पूंजी मूल्य नीति से मुंह मोड़ने के कारण केवल 64 करोड़ 29 लाख रुपये ही वसूले जा सके। मनपा के इतिहास में पहली बार महिला आयुक्त का पदभार संभालने वाली आईएएस अधिकारी मनीषा आव्हाले ने इस वर्ष तीन चरणों में जुर्माना व ब्याज माफ करने के लिए 23 दिवसीय अभय योजना की घोषणा की है। अभियान सोमवार से शुरू हो गया है और इसके लिए आयुक्त के आदेशानुसार अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, सहायक आयुक्त अजय साबले और कर निर्धारण अधिकारी व कलेक्टर नीलम कदम ने जनजागृति पैदा करने के लिए कमर कस ली है। इसके लिए परिवहन सेवा बसों, घंटाघरों के साथ ही शहर के मुख्य चौराहों पर बैनर और स्टीकर लगाए गए हैं। इसके अलावा जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी सहयोग लिया जा रहा है।

**यह 23 दिन की अभय योजना है। जो लोग इस अवसर का लाभ नहीं उठाएंगे उनकी गलतियों को माफ नहीं किया जाएगा। 18 मार्च के बाद वसूली के लिए आक्रामक रुख अपनाया जाएगा।**

**- मनीषा आव्हाले,**
आयुक्त, उल्हासनगर

# 65 इमारतों को ध्वस्त करने के अन्यायपूर्ण निर्णय का कड़ा विरोध

- व्यापक विरोध मार्च के आयोजन की योजना



**कल्याण.** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे संगठन कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के अन्यायपूर्ण निर्णय के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। निवासियों को न्याय दिलाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर मनपा आयुक्त और पुलिस उपायुक्त के साथ बैठक की गई है।

इस लड़ाई के अगले चरण के रूप में हेरिटेज हॉल में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में स्थगन प्राप्त करने के कानूनी उपायों पर चर्चा की गई। साथ ही, विशेषज्ञ वकीलों के परामर्श से अगली रणनीति तय की गई। बैठक में शिवसेना कल्याण जिला संगठक तात्या माने, महिला जिला संगठक वैशाली दारकेकर, शिवसेना शहर प्रमुख प्रकाश तेलगोटे, अभिजीत सावंत, विभाग प्रमुख प्रमोद कांबले, राजेश सावंत, संजय पाटिल, एनसीपी शरद पवार गुट के भाई पाटिल, कांग्रेस पार्टी के अजय पोलकर, कम्युनिस्ट पार्टी के कालू कोमस्कर के साथ ही विविध संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे संगठन जल्द ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर इस मामले की गंभीरता से अवगत कराएगा। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी के ठाणे जिला संपर्क नेता द्वारा ठाणे में आयोजित होने वाले जनता दरबार में भी इस मुद्दे पर न्याय की मांग की जाएगी। बैठक में सभी पार्टी पदाधिकारियों ने दृढ़तापूर्वक कहा कि यदि अब भी न्याय नहीं मिला तो सभी निवासियों को साथ लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

बैठक में अधिवक्ता. नीलेश जाधव, अधिवक्ता. नीलेश पांडे और एडवोकेट गायकवाड़ ने बताया कि सरकार अपने अधिकारियों को बचाने की कोशिश करेगी, इसलिए नागरिकों को अपनी लड़ाई मजबूत करनी होगी। वकीलों ने नागरिकों के सामने दो विकल्प प्रस्तुत किये। पहला विकल्प यह है कि भवनों को नियमित करने का प्रयास किया जाए, जबकि दूसरा विकल्प यह है कि न्यायालय में याचिका दायर कर बिल्डर से ब्याज सहित मुआवजा प्राप्त किया जाए। उन्होंने नागरिकों को यह भी समझाया कि बिल्डरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करके कानूनी कार्रवाई करने का भी अवसर है।

# गाय के बछड़े के जन्म पर पूरे गांव को दावत

- बदलापुर गांव की ठाकुरवाड़ी में जश्न
- बछड़े का नामकरण समारोह
- बछड़े का नाम छोटा बकासुर रखा गया



**बदलापुर.** बदलापुर गांव की ठाकुर वाड़ी में बछड़े का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नामकरण समारोह में पूरे गांव को भोजन कराया गया। गुरुनाथ कदली ने अपनी गाय के प्रति प्रेम के चलते इस अनोखे कार्यक्रम का आयोजन किया था। आज बदलापुर गांव के ठाकुरवाड़ी में ग्राम भोज का आयोजन था। घर को रंगोली और गुब्बारों से सजाना किसी बच्चे के जन्मदिन की पार्टी नहीं थी, बल्कि यह एक गाय के बछड़े का नामकरण समारोह था। बदलापुर गांव के ठाकुरवाड़ी के गुरुनाथ कदली की प्रिय गाय गौरा ने छह साल बाद बछड़े को जन्म दिया, जिससे कदली परिवार में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसी तरह गौरा कदली परिवार ही नहीं बल्कि पूरे ठाकुरवाड़ी की एकमात्र गाय है, इसलिए गुरुनाथ कदली ने इस गाय के बछड़े का नामकरण समारोह करने का फैसला किया। उसके लिए भटजी ने मुहूर्त निकाला और उसके बाद बछड़े का नामकरण समारोह किया गया। बछड़े को लहराया गया, कुंकवा से सजाया गया और माला पहनाई गई, जिसके बाद उसका नाम 'छोटा बकासुर' रखा गया। बकासुर महाराष्ट्र में दौड़ का एक प्रसिद्ध बैल है, जिसके बाद बछड़े का नाम छोटा बकासुर रखा गया, ऐसा गुरुनाथ कदली ने बताया।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

विकास संपादकीय

## मशीनों के दौर में इसानों द्वारा सफाई

दिल्ली के नरेला में शुक्रवार को सीवर की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत की घटना से एक बार फिर स्पष्ट हुआ है कि इस समस्या पर काबू पाने को लेकर संबंधित सरकारी महकमों के भीतर कोई गंभीरता नहीं है। वरना, क्या वजह है कि इस मसले पर घोषित किए जाने वाले तमाम नियम-कायदों पर अमल को लेकर कभी सख्ती सामने नहीं आई।

नतीजतन, आए दिन ऐसी घटनाएं होती हैं, जिनमें मजदूरों को बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर की सफाई के लिए भीतर उतार दिया जाता है और उसमें मौजूद खतरनाक जहरीली गैसों की चपेट में आकर कइयों की जान चली जाती है। नरेला की घटना में सीवर में उतरे मजदूरों को बचाने की कोशिश में एक अन्य मजदूर भी बेहोश हो गया। जब भी इस तरह की घटना होती है तो सरकार जांच और कार्रवाई के साथ-साथ इस तरह काम कराने पर रोक लगाने की बात तो करती है, लेकिन नतीजा फिर ढाक के वही तीन पात होता है।

सीवर, नालों और शौचालय की हाथ से या सामान्य तरीके से सफाई पर काफी पहले पाबंदी लगाने की घोषणा हो चुकी है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने भी समय-समय पर सख्त निर्देश दिए हैं। मगर जो सरकारें अन्य मामलों में कानूनों को लागू करने में बेहद सक्रिय दिखती हैं, उनमें सीवर या बड़े नालों में मजदूरों को उतार कर सफाई कराने पर पूरी तरह रोक लगाने की इच्छाशक्ति नहीं दिखती। क्या ऐसा इसलिए है कि ऐसी घटनाओं के पीड़ित समाज के सबसे दबे-कुचले वर्ग से आते हैं?

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस दौर में दुनिया भर में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में रोज नई ऊंचाइयां हासिल करने के दावे हो रहे हैं, उसमें हमारे देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर सीवर की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत की खबरें आती रहती हैं। सवाल है कि आज जब सभी क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकी का दायरा फैल रहा है, ज्यादातर कामों को मशीनों के सहारे किया-कराया जा रहा है, सीवर की सफाई क्यों इंसान से कराई जाती है।

# अनुभवी एवं परीक्षित लोगों की टीम खड़ी करने की कोशिश

दिल्ली में भाजपा नेतृत्व द्वारा मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का चयन उसी वैचारिक और सांगठनिक पुनर्निर्माण प्रक्रिया की कड़ी है, जिसके अंतर्गत पिछले काफी समय से मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। दिल्ली में निर्वाचित विधायकों में से कई अनुभव, कद और पहचान में रेखा गुप्ता से ज्यादा वजनदार नजर आएंगे। इसके बावजूद मुख्यमंत्री का चयन अलग तरह से हो रहा है तो इसके पीछे नेतृत्व, संगठन और दिशा की दृष्टि से दूरगामी योजनाएं होंगी।

राजनीतिक विश्लेषकों की सामान्य टिप्पणी होती है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा हमेशा चौंकाती है, मगर क्या वाकई उनके निर्णय चौंकाने वाले होते हैं? महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस को छोड़ दें तो राजस्थान में भजनलाल शर्मा, मध्य प्रदेश में मोहन यादव, छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, ओडिशा के मोहन चरण माझी आदि के बारे में कल्पना नहीं थी कि वे मुख्यमंत्री बन सकते हैं।

फडणवीस 2024 में अवश्य मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे, किंतु जब उन्हें 2014 में लाया गया था, तब उनके सीएम बनने की संभावना बेहद कम थी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बारे में भी कल्पना नहीं थी। 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद योगी आदित्यनाथ का नाम नहीं था। उन्हें विधानसभा चुनाव भी नहीं लड़ाया गया था।

भारतीय राजनीति में लंबे समय से हम शीर्ष पर जाने-पहचाने चेहरे देखने के अभ्यस्त थे, इसलिए भाजपा के निर्णय चौंकाते हैं, पर इन निर्णयों में एक निरंतरता, तारतम्यता,



वैचारिक और सांगठनिक दृष्टि दिखाई देती है। कोई इसे तात्कालिक निर्णय मान ले तो समस्या उसकी है।

महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्वा सरमा को छोड़ दें तो अधिकतर मुख्यमंत्री या प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से भाजपा में आए। यानी गैर-वैचारिक, गैर-सांगठनिक लोगों को जगह नहीं दी गई। उपमुख्यमंत्रियों में भी बिहार में सम्राट चौधरी के अलावा ऐसा नाम नहीं दिखेगा, जिसकी वैचारिक-राजनीतिक पृष्ठभूमि भाजपा से अलग हो।

इससे समझा जा सकता है कि नेतृत्व सतही या तत्कालिकता के अनुसार निर्णय नहीं करता। मोदी सरकार ने हिंदुत्व, हिंदुत्व अभिप्रेरित राष्ट्र भाव, सभ्यता-संस्कृति-अध्यात्म आदि के अनुरूप आंतरिक एवं विदेश नीति के मामले में अकल्पनीय काम किया है। स्वाभाविक ही नेतृत्व चयन में इससे परे दृष्टि नहीं जा सकती। यह स्मरण करें कि प्रधानमंत्री मोदी के राष्ट्रीय क्षितिज पर आविर्भाव के समय भाजपा की स्थिति क्या थी? 2004 में पराजय के बाद ही नहीं, 2000 से ही भाजपा के अंदर आंतरिक कलह, उथल-पुथल की स्थिति थी, जो चुनाव में पराजय के साथ परवान चढ़ गई। केएन गोविंदाचार्य के भाजपा से बाहर जाने के बाद लंबी कड़ी दिखाई देगी, जिसमें कल्याण सिंह, तपन सिकदर, उमा भारती, मदनलाल खुराना आदि बड़े नाम विद्रोह कर बैठे। वाजपेयी और आडवाणी के साथ कुर्सी पर बैठने वाले जसवंत सिंह तक को पार्टी से निकाला गया। 2009 में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने झंडेवालान जाकर संघ से कहा कि अब आप ही लोग निर्णय करिए। तब नितिन गडकरी को अध्यक्ष बनाया गया। उनके लिए भी काम करना कठिन था। तब शीर्ष नेताओं के बीच आवश्यक सामंजस्य नहीं था। 2009 में आडवाणी को प्रधानमंत्री का उम्मीदवार बनाया गया, लेकिन तब भाजपा 2004 से भी कम सीटों पर सिमट गई। इसका कारण आंतरिक कलह और व्यापक पैमाने पर पूरे संगठन परिवार के अंदर नेतृत्व से मोहभंग की स्थिति थी। इसके बाद संप्रग सरकार से लोगों के अंदर व्यापक असंतोष उपजा। मुस्लिम तुष्टीकरण तथा हिंदुत्व को बदनाम करने के अभियानों ने लोगों में व्यापक गुस्सा पैदा किया, किंतु तत्कालीन भाजपा नेतृत्व उसके विरुद्ध प्रखरता से लड़ने में सक्षम साबित नहीं हो पा रहा था।

सबके अंदर छटपटाहट थी कि विचारधारा के आधार पर कोई प्रखर निष्ठावान नेतृत्व सामने आए। ऐसे में नरेन्द्र मोदी आए और उन्होंने देश में व्याप्त असंतोष, संगठन परिवार के भीतर सामूहिक सोच को अभिव्यक्ति दी। वह सबकी उम्मीद की किरण बनकर उभरे और उन्होंने अपने अभियानों से पूरे देश के मनोविज्ञान को अपने पक्ष में मोड़ा। तब भी तत्कालीन भाजपा नेतृत्व को उम्मीद नहीं थी कि पार्टी को लोकसभा में बहुमत प्राप्त हो जाएगा।



प्रकाश और प्रेम ही हमारा सच्चा स्वरूप है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# सौहार्द के साथ शुरू होगी मानसरोवर यात्रा

भारत-चीन के बीच सीमा विवाद और अन्य मुद्दों पर वार्ता में जिन बिंदुओं पर सहमति बनने के दावे किए जाते हैं, उनमें से कई धरातल पर नहीं दिखते। संबंधों में कभी नरमी तो कभी गरमी बनी रहने बावजूद यह अच्छी बात है कि दोनों पक्ष बातचीत की मेज पर बैठते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान में मुलाकात के बाद दोनों देशों में विभिन्न स्तर पर कूटनीतिक और सैन्य वार्ता जारी है। लद्दाख में सीमा विवाद को लेकर वार्ता का दौर लंबा चला है। वहां कुछ गश्ती इलाकों को लेकर समाधान निकाला जाना अभी भी बाकी है।

बहरहाल, यह अच्छी बात है कि दोनों देशों में बातचीत का क्रम हाल के दिनों में कभी टूटा नहीं है। इसी कड़ी में जी-20 सम्मेलन में जब दोनों देशों के विदेशमंत्री अलग से मिले, तो उन्होंने मानसरोवर यात्रा बहाल करने और सीमा विवादों को लेकर उत्साहजनक बातचीत की। हालांकि मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने को लेकर दोनों देशों के विदेश मंत्रालय के स्तर पर पिछले महीने ही फैसला हो गया था, मगर विदेश मंत्रियों की ताजा बैठक से उसका आधार और मजबूत हुआ है।

अब दोनों देशों के संबंधित महकमे इसके विभिन्न पक्षों की तैयारी कर सकेंगे। तल्ख रिश्तों की वजह से करीब पांच वर्ष से कैलास मानसरोवर यात्रा रुकी हुई थी। उम्मीद है कि यह यात्रा शुरू होने से दोनों देशों के संबंधों में जमी बर्फ कुछ और पिघलेगी।

गलवान घाटी में हुए सैन्य संघर्ष के बाद दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण हो गए थे। इसके बाद अक्तूबर में रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान



प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की मुलाकात में बर्फ पिघली। जब दोनों नेता मिले, तो उन्होंने जल्दी ही सीमा विवाद सुलझा लेने की योजना पर बात की। इस तरह लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध कुछ हद तक दूर हो सका और संवेदनशील मसलों पर बातचीत का सिलसिला शुरू हो सका।

मानसरोवर यात्रा भारतीयों की आस्था से जुड़ी है, लेकिन सीमा विवाद के कारण चीन उसमें अड़चन पैदा करता रहा है। अब उम्मीद बनी है कि आने वाली गर्मियों में यह यात्रा फिर से शुरू हो सकेगी। फिर, जैसा कि चीन भरोसा दिलाता रहा है और पिछले कुछ महीनों में उसने इस पर बल देकर कहा है कि सीमा की पहचान का काम जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा, मानसरोवर यात्रा शुरू होने से उसके वादे पर यकीन कुछ बढ़ेगा।

यह अच्छी बात है कि दोनों देश सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत करते रहे हैं। मगर चीन की तरफ से यह साबित करना अभी बाकी है कि सौहार्द की सीमा केवल बातचीत की मेज तक सीमित नहीं होनी चाहिए। इसे धरातल पर भी दिखना चाहिए। चीन अब भी अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते भारत के हिस्से वाले इलाकों में पांव पसारने से बाज नहीं आता।

अपने आधिकारिक मानचित्र में बदलाव कर वह भारत के कई क्षेत्रों को अपने हिस्से में दिखा चुका है। उसने कुछ इलाकों में भारत की जमीन पर अपने प्रशासनिक भवन खड़े कर लिए हैं। कुछ विवादित भूखंडों पर पुल आदि का निर्माण कर रहा है। सुरक्षा गश्त को लेकर भी सवाल उठते हैं। अगर चीन सचमुच भारत के साथ अपने रिश्ते सौहार्दपूर्ण बनाए रखना चाहता है, तो उसे व्यावहारिक धरातल पर लचीलापन दिखाना होगा।

# किस ब्लड ग्रुप वालों को ज्यादा काटते हैं मच्छर?

लगातार सर्दी से जूझने के बाद लोग थोड़ा गुनगुना मौसम चाहते हैं. हालांकि जब गर्मी और बारिश एक साथ

**जरा हट के**

आती है, तो ये अपने साथ मच्छरों का प्रकोप लेकर आती है. बहुत सी बीमारियों का कारण भी यही बनते हैं और हम बचते भी इन्हीं से हैं. चलिए आज आपको एक दिलचस्प फैक्ट बताते हैं, इन्हीं मच्छरों के बारे में.

सर्दियों से गर्मियां आते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है. देश के कई हिस्सों में डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और मच्छर जनित बीमारियों के मामले तेज़ी से बढ़ने लगते हैं. कभी आपने ये सोचा है कि आखिर कुछ लोगों को मच्छर ज्यादा क्यों काटते हैं जबकि कुछ को कम.

ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों की त्वचा पर अधिक लैक्टिक एसिड बनता है, उन्हें मच्छरों द्वारा काटने की संभावना अधिक होती है.



मच्छर लैक्टिक एसिड की ओर अधिक आकर्षित होते हैं. ऐसे में जिन लोगों की त्वचा पर अधिक लैक्टिक एसिड होता है, उन्हें मच्छरों के काटने की अधिक संभावना होती है.

ऐसा माना जाता है कि मच्छर काटने के लिए अपने लक्ष्य की पहचान करने के लिए कार्बन डाइऑक्साइड का उपयोग करते हैं. मच्छरों को कार्बन डाइऑक्साइड या $CO_2$ की गंध भी पसंद होती है. मादा मच्छर लगभग 150 फीट दूर से इस गंध को सूंघ सकती है.

माना जाता है कि गहरे रंग के कपड़े पहनना भी मच्छरों के काटने का कारण हो सकता है. डार्क कलर के कपड़े मादा मच्छरों को अपनी ओर ज्यादा आकर्षित करते हैं.

साल 2019 में हुई एक रिसर्च के मुताबिक ब्लड ग्रुप और मच्छर काटने के बीच संबंध गहरा है. कई अध्ययनों से यह साक्ष्य मिला है कि मच्छर अन्य ब्लड ग्रुप की तुलना में 'O' ब्लड ग्रुप वाले लोगों की ओर अधिक आकर्षित होते हैं.

इसके अलावा जिन लोगों के शरीर का तापमान अधिक होता है, उन्हें मच्छरों द्वारा काटने की अधिक संभावना होती है. मच्छरों को शराब पीने वाले लोगों के पसीने से निकलने वाले रसायन बहुत पसंद होते हैं. ऐसे में जिन्हें पसीना ज्यादा आता है, उन्हें भी मच्छर ज्यादा शिकार बनाते हैं.

# हेल्दी जूस के साथ करें दिन की शुरुआत

शरीर को स्वस्थ रखना है तो दिन की शुरुआत सही तरीके से करना बहुत जरूरी हो जाता है। यही कारण है स्वास्थ्य विशेषज्ञ सुबह-सुबह वॉक-रनिंग करने और पौष्टिकता वाली चीजों के सेवन की सलाह देते हैं। व्यायाम के साथ-साथ पौष्टिक आहार बहुत जरूरी है इसलिए दिन की शुरुआत वेजिटेबल जूस के साथ करना अच्छा माना जाता है। मौसमी सब्जियों के साथ कुछ फलों के जूस का मिश्रण आपको विटामिन्स-मिनरल्स और जरूरी एंटीऑक्सीडेंट्स का फुल डोज दे सकता है।

सुबह के समय आपका मेटाबॉलिज्म अच्छा रहता है इसलिए आप हेल्दी जूस से अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अनार, चुकंदर, गाजर और पालक का जूस बनाकर सेवन करना आपकी सेहत को गजब के फायदे दे सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अनार-चुकंदर और धनिया पत्ते के जूस में विटामिन-सी और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो बीमारियों से बचाव करते हैं। अनार, चुकंदर, अदरक, सौंफ और धनिया पत्ते से बने जूस में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिनकी हमारे शरीर को नियमित रूप से जरूरत होती है।



अदरक में जिंजरोल होता है, जो गैस और ब्लोटिंग की समस्या में आराम पहुंचाता है। वहीं अनार और चुकंदर शरीर में खून बढ़ाने में



विशेष मददगार हो सकते हैं।

### मिलेंगे कई सारे लाभ

- रोज सुबह अगर आप फलों-सब्जियों के मिश्रण का सेवन करना शुरू कर देते हैं तो इससे कई लाभ मिल सकते हैं।
- इस जूस में भरपूर मात्रा में आयरन पाया जाता है, जिससे शरीर में खून की कमी को दूर करने में मदद मिलती है।
- इस वेजिटेबल जूस में विटामिन सी और एंटी- ऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो टॉक्सिन को बाहर निकालते हैं।
- शरीर को डिटॉक्स करने, त्वचा को स्वस्थ रखने, कोलेजन के स्तर को बढ़ावा देने और त्वचा से जुड़ी समस्याओं को रोकने में इससे मदद मिल सकती है।
- इस जूस में भरपूर मात्रा में विटामिन सी, आयरन जैसे पोषक तत्व और एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाकर बीमारियों से बचाव करते हैं।

### कैसे बनाएं ये जूस

इस वेजिटेबल जूस को बनाने के लिए 2 बड़ा चम्मच अनार, 2 बड़ा चम्मच धनिया पत्ती, अदरक का टुकड़ा, 1 बड़ा चम्मच सौंफ के दाने, 1 चुकंदर को ब्लेंडर में डालकर अच्छे से पीस लें। अब इसे छानकर, इसमें आधा नींबू और 1/4 छोटा चम्मच काला नमक मिलाकर सेवन करें। यह जूस डायबिटीज रोगियों के लिए भी लाभकारी हो सकता है। क्योंकि जूस में मौजूद ज्यादातर चीजों का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है।

**क्या कहती हैं विशेषज्ञ?**

आहार विशेषज्ञ पायल शर्मा कहती हैं, अनार, चुकंदर, अदरक और धनिया पत्ती के जूस का सेवन सुबह खाली पेट करना फायदेमंद रहता है। सुबह के समय मेटाबॉलिज्म अच्छा रहता है जिससे पोषक तत्वों का अवशोषण ठीक तरीके से हो पाता है। अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो इसके सेवन से पहले आहार विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें। विशेषतौर पर डायबिटीज और ब्लड प्रेशर को मरीजों को खान-पान में किसी भी बदलाव को लेकर डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

खाना-खजाना

# फलाहारी साबूदाना फ्राइज

**महाशिवरात्रि का दिन शिवभक्तों के लिए काफी खास है। इस दिन सभी भोलेनाथ की पूजा करते हैं और इस दिन उपवास भी रखा जाता है। इस साल महाशिवरात्रि का त्योहार 26 फरवरी को मनाया जाएगा। इस दिन व्रत रखने वाले कुछ लोग हल्का और पौष्टिक खाना पसंद करते हैं, जिससे कि शरीर एनर्जेटिक बना रहे। ऐसे में आप चाय के साथ टेस्टी साबूदाना फ्राइज बनाकर तैयार कर सकते हैं। अगर आपके पास भीगे हुए साबूदाना हैं तो ये फ्राइज फटाफट बनकर तैयार हो जाएंगी। देखिए रेसिपी–**

**सामग्री :**

- भीगा हुआ साबूदाना
- उबले और मसले हुए आलू
- भुनी हुई मूंगफली पाउडर
- अदरक
- भुना हुआ जीरा पाउडर
- सेंधा नमक
- फ्रेश हरा धनिया
- बारीक कटी हरी मिर्च
- तेल तलने के लिए

**विधि :**

फ्राइज बनाने के लिए सबसे पहले साबूदाना को रातभर के लिए भिगो दें। फिर अगली सुबह साबूदाना का पानी निकाल लें। या फिर एक छन्नी की मदद से साबूदाना को छान लें। कुछ देर के लिए छन्नी पर रहने दें। तब तक आलू उबाल लें और अदरक, हरी मिर्ची, हरा धनिया को बारीक काट लें। जब आलू उबल जाएं तो इन्हें ठंडा करें और फिर मैश कर लें।



अब एक बड़े बर्तन में साबूदाना डालें और आलू डालें। फिर नमक, रोस्टेड मूंगफली का पाउडर, बारीक कटा अदरक, हरी मिर्ची, हरा धनिया डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें। हाथों पर तेल लगा लें और मिक्स करने के बाद छोटे-छोटे टुकड़े लें, फिर लंबी-लंबी फ्राइज तैयार करें। फिर तेल गर्म करें और और फ्राइज को गोल्डन ब्राउन होने तक पकाएं। अच्छी तरह तेल से निकालें और फिर सभी को खिलाएं।

# सर्दियां खत्म; तो कंबल-रजाई को स्टोर करने के लिए अपनाएं ये तरीका

**सर्दियां खत्म हो रही हैं और अब कंबल-रजाई सब समेटकर रखने का टाइम आ गया। रजाई, कंबल, कवर वगैरह काफी ज्यादा हो जाते हैं। जिसकी वजह कई बार घर के बक्से और बेड बॉक्स में जगह कम पड़ जाती है। ऐसे में आप इन आसान हैक्स की मदद से अपने कंबल और रजाई को आसानी स्टोर करके रख सकते हैं।**

### विकर बास्केट

विकर बास्केट आपको मार्केट के साथ ही ऑनलाइन भी काफी आसानी से मिल जाएंगी। आमतौर पर इसे लोग कपड़े, किचन में ऑर्गनाइजर के तौर पर रखते हैं। लेकिन आप इस तरह के बास्केट खरीदकर उसमे रजाई-कंबल को स्टोर कर पूरे साल के लिए रख सकते हैं। घर के किसी कोने में आसानी से ये सजावट के भी काम आएंगे और साथ ही इसमे रजाई-कंबल वगैरह भी रखी जा सकेंगी।

### कपड़े से बनाएं ऑर्गनाइजर

आप चाहें तो किसी पुरानी चादर या पर्दे की मदद से ऑर्गनाइजर बनाकर रेडी कर सकती हैं। इसमे पतले कंबल और कवर वगैरह को इकट्ठा कर एक साथ कबर्ड में रख दें। जहां



आपको बार-बार हाथ लगाने की जरूरत ना पड़े। अगली सर्दियों में आप यहां से आसानी से कंबल वगैरह पा जाएंगी।

### बिल्ट इन कैबिनेट्स

आजकल मार्केट में लकड़ी के साथ ही फाइबर वगैरह के कैबिनेट्स मिल जाते हैं। जिन्हें आप ना केवल किसी बड़े कबर्ड में सेट कर सकती हैं या फिर अलग से भी कमरे में खड़ा कर सकती हैं। इसमे बकायदा डोर लगे होते हैं तो आपके कंबल-रजाई वगैरह गंदे भी नहीं होगें। आप इन कैबिनेट्स में कंबलों को फोल्ड कर आराम से रख सकते हैं।

### बनवाएं सोफा कम बॉक्स

आप चाहें तो अपने लिविंग एरिया में ऐसे फर्नीचर रख सकती हैं जिसमे स्टोरेज की जगह हो। जैसे कि सोफा कम बॉक्स की डिजाइन, जहां पर आप सर्दियों के ढेर सारे कपड़े और कंबल वगैरह आसानी स्टोर कर सकेंगी।

### गद्दे के नीचे बिछाएं

अगर आपके घर में जगह नहीं और कंबल-रजाई को गंदा होने से बचाना है तो इन्हें आप गद्दे के नीचे बिछा सकती हैं। इससे कंबल वगैरह खराब नहीं होंगे और जगह भी बचेगी।

# सेहत के लिए वरदान है शिवलिंग पर चढ़ाया जाने वाला बेलपत्र

### डायबिटीज से लेकर पाइल्स तक रखता है दूर

**महाशिवरात्रि और सावन माह में शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, भोलेबाबा को चढ़ाया जाने वाला बेलपत्र सिर्फ धार्मिक महत्व ही नहीं रखता बल्कि इसका सेहत से भी गहरा कनेक्शन जुड़ा हुआ है। बेलपत्र में विटामिन ए, सी, बी1 और बी6 के अलावा कैल्शियम और फाइबर जैसे पोषक तत्व भी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। जो डायबिटीज से लेकर पाइल्स और दिल की सेहत तक का खास ख्याल रखते हैं।**

### बेहतर पाचन

बेलपत्र में फाइबर की अच्छी मात्रा मौजूद होती है, जो पाचन को बेहतर बनाए रखकर पाचन संबंधी समस्याओं जैसे गैस, एसिडिटी और अपच जैसी पाचन से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकती है।



### आयरन की कमी

जिन लोगों के शरीर में खून की कमी या एनीमिया की शकियत रहती है, उनके लिए बेल के पत्तों के रस का सेवन बेहद फायदेमंद हो सकता है। बेल के पत्तों का रस पीने से खून की कमी को दूर करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए एक चम्मच बेल के पत्तों का रस एक गिलास पानी में डालकर पिएं।

### बवासीर

बवासीर से पीड़ित लोगों को खाली पेट बेल पत्र के पत्ते चबाने से फायदा मिल सकता है। बेल पत्र पाचन तंत्र को मजबूत बनाकर कब्ज जैसी पेट से जुड़ी समस्याओं को कम करने में मदद करता है। जिससे बवासीर रोगियों को फायदा मिलता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। चोट व दुर्घटना से बचें। नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। घर में तनाव रहेगा। पार्टनरों से कहासुनी हो सकती है।

**वृषभ** : कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। सभी कार्य समय पर होंगे। निवेश शुभ रहेगा। आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** : प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। थकान व कमजोरी रहेगी। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। कोई बड़ा सौदा हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। घर-बाहर सभी तरफ से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

**कर्क** : कोई आनंददायक यात्रा का आयोजन हो सकता है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कारोबारी व्यस्तता रहेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। घर-परिवार की चिंता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा।

**सिंह** : जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। शोक समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। आय बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

**कन्या** : नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। शत्रुओं से सावधानी आवश्यक है। निवेश शुभ रहेगा। मेहनत का फल प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम के कार्य टालें।

**तुला** : आत्मसम्मान बना रहेगा। अच्छे समाचार मिलेंगे। अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। किसी बड़े काम को करने का मन बनेगा। जल्दबाजी न करें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नए मित्र बनेंगे। पूछ-परख रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृश्चिक** : उत्साह व प्रसन्नता से काम कर पाएंगे। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। बेरोजगारी दूर होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य की अनुकूलता रहेगी। प्रमाद न करें।

**धनु** : फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से असहयोग मिलेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें। धनहानि हो सकती है। विवाद से बचें। झंझटों से दूर रहें। आय में निश्चितता रहेगी।

**मकर** : रुका हुआ धन मिलने के योग हैं, प्रयास करते रहें। यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। रोजगार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। भाइयों का सहयोग प्रसन्नता में वृद्धि करेगा। घर-बाहर जीवन सुखमय रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कुंभ** : नई योजना बनेगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। रोजगार में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। नए काम मिल सकते हैं। बाहर जाने का मन बनेगा। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मीन** : कारोबार में वृद्धि होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। थकान रहेगी। तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### ब्यूटी पार्लर में ट्रेनिंग के लिए आई लड़की से गैंगरेप

**लखनऊ.** लखनऊ में सैरपुर क्षेत्र के पल्हारी स्थित एक ब्यूटी पार्लर में ट्रेनिंग के लिए आई किशोरी से गैंगरेप किया गया। विरोध करने पर ब्यूटी पार्लर संचालिका ने पति संग मिल कर किशोरी और उसके परिवार को पीटा। यह आरोप लगाते हुए सैरपुर थाने में शिकायत की गई। जिसके आधार पर पुलिस ने संचालिका समेत चार को गिरफ्तार किया। सैरपुर निवासी 16 वर्षीय किशोरी करीब तीन माह पूर्व ब्यूटी पार्लर ट्रेनिंग के लिए पल्हारी स्थित सेंटर पर गई थी। जिसका संचालक कविता करती है। आरोप है कि चार फरवरी को ट्रेनिंग के लिए पहुंचने पर कविता ने कमरे को बाहर से बंद कर दिया। इस बीच मड़ियांव निवासी रेहाना और वजीरगंज जनतानगरी निवासी मो. इसरार पार्लर में आए। जिन्हें भी कविता ने कमरे में भेज दिया। पीड़ितों के साथ आरोपितों ने गैंगरेप किया। विरोध करने पर धमकाने लगे।

### दो लाख 90 हजार के नकली नोट लेकर खड़े थे चार आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पीलीभीत.** पीलीभीत जिले के बरखेड़ा में पुलिस ने नकली नोटों के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों के कब्जे से दो लाख नब्बे हजार रुपये की तैयार कूटरचित भारतीय करेंसी व कूटरचित भारतीय करेंसी बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। थाना बरखेड़ा में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने थाना बरखेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमे कहा गया कि 23 फरवरी को वह पुलिस टीम में शामिल एसआई हरीशचन्द, कांस्टेबल बलजीत सिंह, सौरभ शर्मा के साथ गश्त पर थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि बरखेड़ा नवाबगंज मार्ग पर रपटा पुल बहादुरपुर हुक्मी जाने वाले रास्ते पर तिराहे के पास चार व्यक्ति एक मोटर साइकिल के साथ खड़े हैं जिनके पास काफी मात्रा में नकली नोट हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने छापा मारकर चार आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रिजवान पुत्र दन्ने अंसारी, खलील अहमद पुत्र बहीदउल्ला, अब्दुल सत्तार पुत्र अब्दुल गफ्फार व फरियाद पुत्र इकरार हुसैन निवासी ग्राम भगवन्तापुर थाना फरीदपुर जनपद बरेली बताया।

### शिक्षिका को पक्की नौकरी के नाम पर स्कूल मैनेजर ने दिया धोखा, 4 के खिलाफ केस

**मैनपुरी.** मैनपुरी में एक अस्थायी शिक्षिका को पक्की स्थाई नौकरी देने के नाम पर स्कूल मैनेजर (प्रबंधक) बड़ा धोखा दे दिया। शिक्षिका को स्थाई नौकरी तो नहीं दी उल्टे उससे 18 लाख रुपये ठग लिए। इस धोखाधड़ी में स्कूल के प्रबंधक के बेटे और अन्य दो लोगों ने भी उसका साथ दिया। शिक्षिका का आरोप है कि पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उसने कोर्ट में गुहार लगाई। उसकी शिकायत पर कोर्ट ने निर्देश दिया जिसके आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सामने आए तथ्यों के आधार पर जरूरत पड़ी तो आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जाएगी। सीजेएम कोर्ट में तहरीर देकर सोनम पत्नी स्व. ललितमोहन यादव निवासी यादव मार्केट कोतवाली मैनपुरी ने शिकायत की कि वह अपनी दो बेटियों का भरण पोषण सच्चिदानंद जूनियर हाईस्कूल खानपुर सौरिख कन्नौज में अस्थायी शिक्षिका के पद पर काम करके कर रही है।

# PM मोदी का मोटापे के खिलाफ कैंपेन

## 10 प्रमुख हस्तियों को नॉमिनेट किया, इनमें आनंद महिंद्रा और उमर अब्दुल्ला



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मोटापे के खिलाफ कैंपेन शुरू किया। उन्होंने इसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों के 10 प्रमुख हस्तियों को नॉमिनेट किया। इनमें जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, बिजनेसमैन आनंद महिंद्रा और मनू भाकर जैसी हस्तियों का नाम है।

कैंपेन के जरिए नॉमिनेट किए गए लोग मोटापे के खिलाफ लोगों को अवेयर करने का काम करेंगे। इसके लिए वो भी 10-10 लोगों को नॉमिनेट कर सकेंगे, ताकि कैंपेन धीरे-धीरे ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे। प्रधानमंत्री ने 23 फरवरी को मन की बात में मोटापे के खिलाफ कैंपेन शुरू करने की बात कही थी।

**PM मोदी ने कहा...**

जैसा कि कल की मन की बात में कहा था, मैं मोटापे के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने और खाने में खाद्य तेल की खपत को कम करने के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए निम्नलिखित लोगों को नॉमिनेट करना चाहता हूँ। मैं उनसे यह भी रिक्वेस्ट करता हूँ कि वे प्रत्येक 10 लोगों को नॉमिनेट करें ताकि हमारा आंदोलन और बड़ा हो।

### अब्दुल्ला बोले- PM मोदी के द्वारा नॉमिनेट होने पर खुश हूं



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला अपनी फिटनेस को लेकर अक्सर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते है और वह आए दिन अपने एक्सरसाइज का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर करते हैं। हाल ही में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोटापे के खिलाफ चलाए गए अभियान में खुद को नॉमिनेट किए जाने को लेकर खुशी जताई। उमर ने सोशल मीडिया X पर लिखा-

**मैं बहुत खुश हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुरू किए गए मोटापे के खिलाफ अभियान में शामिल हो रहा हूं। मोटापा कई जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, जैसे दिल की बीमारी, टाइप 2 डायबिटीज, स्ट्रोक, सांस लेने में समस्याएं, और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसे चिंता और अवसाद।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 फरवरी को मन की बात के 119वें एपिसोड में हेल्थ का का जिक्र करते हुए थे कहा था, एक फिट और स्वस्थ भारत बनने के लिए हमें ओबेसिटी (मोटापा) की समस्या से निपटना ही होगा। एक स्टडी के मुताबिक, आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते सालों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। इसलिए, आप तय कर लीजिए कि हर महीने 10% कम तेल उपयोग करेंगे। ये मोटापा कम करने की दिशा में एक अहम कदम होगा।"

# बांग्लादेश में एयरफोर्स बेस पर हमला, 1 की मौत

- सेना ने संभाला मोर्चा
- रोहिंग्या से क्या नाता



**ढाका.** पड़ोसी देश बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले में वायु सेना अड्डे पर कुछ बदमाशों मे हमला बोल दिया है, जिसमें एक शख्स की मौत हो गई है। बांग्लादेश की सेना ने इसकी पुष्टि की है कि सोमवार को कॉक्स बाजार जिले में वायुसेना अड्डे पर हुए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान 30 वर्षीय स्थानीय व्यापारी शिहाब कबीर के रूप में की गई है, जिसकी कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के शासन संभालने के बाद यह पहला ऐसा हमला है। सेना ने वायुसेना अड्डे पर मोर्चा संभाल लिया है।

बांग्लादेश सशस्त्र बलों के जनसंपर्क प्रभाग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (ISPR) ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, ₹कॉक्स बाजार वायुसेना अड्डे से सटे समिति पारा के कुछ अपराधियों ने कॉक्स बाजार स्थित वायुसेना अड्डे पर हमला बोल दिया। बांग्लादेश वायुसेना इस संबंध में आवश्यक कदम उठा रही है।₹ जानकारी के अनुसार, यह हमला एक भूमि विवाद के कुछ घंटों बाद हुआ, जिसके कारण वायुसेना कर्मियों और स्थानीय निवासियों के बीच टकराव हुआ था।

टीबीएस न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि कॉक्स बाजार के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद सलाहुद्दीन ने भी पुष्टि की कि सोमवार की दोपहर स्थानीय लोगों और वायु सेना के जवानों के बीच झड़प हुई है।

# देश का सबसे बड़ा बोनमैरो ट्रांसप्लांट सेंटर लगभग तैयार

- देश का सबसे बड़ा बोनमैरो ट्रांसप्लांट सेंटर लगभग तैयार
- जयपुर में हर महीने हो सकेगा 50 मरीजों का इलाज

**जयपुर.** जयपुर में बन रहा देश का सबसे बड़ा बोनमैरो ट्रांसप्लांट सेंटर जुलाई-अगस्त तक शुरू हो जाएगा। 50 बेड वाला यह सेंटर स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में बनकर तैयार हो रहा है। यहां कैंसर मरीजों के लिए बेहद जरूरी बोनमैरो ट्रांसप्लांट मुफ्त में हो सकेगा। हालांकि अभी एसएमएस (सवाई मानसिंह) हॉस्पिटल में ट्रांसप्लांट हो रहा है। केवल 2 बेड की व्यवस्था है, जहां एक साल से भी लंबी वेटिंग है। ऐसे में कई मरीज तो इंतजार में ही दम तोड़ देते हैं। कई मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल में 40 लाख रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं।

अब तक 15 साल में यहां केवल 150 ट्रांसप्लांट हुए हैं, इसके चालू होने के बाद एक साल में 500 मरीजों का बोनमैरो ट्रांसप्लांट हो सकेगा।



कैंसर रोगियों के लिए बोनमैरो ट्रांसप्लांट एक अहम इलाज है। कैंसर के कारण मरीज को कीमोथेरेपी या रेडिएशन थेरेपी से गुजरना पड़ता है। इस दौरान मरीज के शरीर में कैंसर सेल्स तो खत्म होती हैं, लेकिन साथ-साथ स्टेम सेल्स भी खत्म हो जाती हैं। ये स्टेम सेल्स शरीर की हड्डियों में मौजूद बोनमैरो से बनती हैं। ऐसे में कीमोथेरेपी पूरी होने के बाद स्वस्थ स्टेम सेल्स को व्यक्ति के शरीर में ट्रांसप्लांट किया जाता है। इसे बोनमैरो ट्रांसप्लांट या स्टेम सेल्स ट्रांसप्लांट कहा जाता है।

- किस तरह से मरीजों को राहत मिलेगी?
- अभी साल-साल तक की वेटिंग
- कई मरीजों की मौत तक हो जाती है

साल में करीब दो लाख औसत कैंसर के मरीज सामने आते हैं। इनमें बीस से पच्चीस फीसदी मरीज ब्लड कैंसर के होते हैं। इनमें दस से 15 फीसदी मरीज ऐसे होते हैं, जिन्हें ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है।

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में केवल एसएमएस में ही बोनमैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा है। ऐसे में मरीज को प्राइवेट सेंटर पर जाना पड़ता है। कई मरीजों की तो इंतजार में मौत तक हो जाती है।

# JEE मेन्स सेशन-1 पेपर 2 रिजल्ट जारी

- महाराष्ट्र के नील B.Arch में
- एमपी की सुनिधि B.Planning में टॉपर बने



**मुंबई.** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी NTA ने 23 फरवरी 2025 को JEE मेन्स सेशन-1 सेकेंड पेपर का रिजल्ट घोषित कर दिया है। कैंडिडेट्स JEE मेन्स सेशन-1 सेकेंड पेपर यानी बी.आर्क/बी.प्लानिंग का रिजल्ट ऑफिशियल वेबसाइट jeemain.nta.nic.in पर देख सकते हैं। महाराष्ट्र के पाटेन नील संदेश ने बी.आर्क में 100 परसेंटाइल स्कोर किया है और एमपी की सुनिधि सिंह ने सेकेंड पेपर बी.प्लानिंग में 99.98 परसेंटाइल स्कोर किया है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के आरव गर्ग ने 99.99 परसेंटाइल स्कोर किया है।

### 13 भाषाओं में ली गई थी परीक्षा

JEE मेन्स सेशन-1 सेकेंड पेपर बी.आर्क और बी.प्लानिंग के लिए था। ये परीक्षा 30 जनवरी 2025 को एक शिफ्ट में ली गई थी। इसमें 13 लैंग्वेज असमी, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल थीं।

### 63 हजार से ज्यादा कैंडिडेट्स ने किया था रजिस्ट्रेशन

परीक्षा के लिए टोटल 63,481 कैंडिडेट्स ने रजिस्ट्रेशन किया था जिनमें 30,755 फीमेल कैंडिडेट्स और 32,726 मेल कैंडिडेट्स शामिल थे।

इस परीक्षा में 44,144 कैंडिडेट्स में 21,808 फीमेल और 22,336 मेल कैंडिडेट्स शामिल थे। वहीं, बी.प्लानिंग में टोटल 28,335 कैंडिडेट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। जिनमें 12,343 फीमेल कैंडिडेट्स और 15,992 मेल कैंडिडेट्स शामिल हुए थे।

### ऐसे देखें रिजल्ट

ऑफिशियल वेबसाइट jeemain.nta.nic.in पर जाएं।
होमपेज पर JEE मेन्स 2025 सेशन-1 सेकेंड पेपर रिजल्ट लिंक पर क्लिक करें।
एप्लिकेशन नंबर, पासवर्ड और कैप्चा दर्ज करके अपने अकाउंट को लॉगिन करें।
JEE मेन्स 2025 सेशन-1 सेकेंड पेपर रिजल्ट स्क्रीन पर होगा।
रिजल्ट डाउनलोड करें और भविष्य के लिए सेव करके रखें।

### तेलंगाना टनल हादसा, अंदर 11km पानी भरा

तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया। इसमें 8 कर्मचारी फंस गए। इन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है।

रेस्क्यू ऑपरेशन में आर्मी, NDRF, SDRF के अलावा राज्य सरकार की अन्य एजेंसी भी जुटी हुई हैं। उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल में फंसे लोगों को निकालने वाली टीम को भी इसमें शामिल किया गया है। 2023 में सिलक्यारा टनल का एक हिस्सा गिर गया था। 17 दिन बाद 41 लोगों को सुरक्षित निकाला गया था।

तेलंगाना सरकार के मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने कहा कि हादसा सुरंग के मुहाने से करीब 13 किलोमीटर दूर हुआ है।

# BSF ने भारत में अवैध रूप से घुसने पर छह बांग्लादेशियों को किया गिरफ्तार

**शिलांग.** मेघालय में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने छह बांग्लादेशियों को पकड़ा है, जिनमें से कुछ पहले मुंबई में राजमिस्त्री का काम करते थे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी छह लोगों को शनिवार को तब पकड़ा गया जब वे रोजगार की तलाश में फिर मुंबई जाने के लिए बांग्लादेश से मेघालय पहुंचे थे।

उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ कर्मियों ने समन्वित अभियान चलाकर छह बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा, उनमें से चार पश्चिमी जैंतिया हिल्स जिले में और दो दक्षिणी गारो हिल्स जिले में पकड़े गये। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि उनमें एक महिला भी है जिसने अपने पति का इलाज कराने के लिए मुंबई जाने की योजना बनायी थी।



एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी छह लोगों को संबंधित जिला पुलिस प्रशासन को सौंप दिया गया, जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। मेघालय की बांग्लादेश के साथ 443 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा लगती है, जिसमें से लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा कठिन भौगोलिक आकृति, भूमि अधिग्रहण और अन्य मुद्दों के कारण बिना बाड़ के रह गया है।

पुलिस ने बताया कि शनिवार तड़के अज्ञात बदमाशों के एक समूह ने पूर्वी जैंतिया हिल्स जिले के उमकियांग गांव में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास कई घरों में तोड़फोड़ की और संदेह है कि ऐसा करने वाले ये बदमाश बांग्लादेशी नागरिक हैं।

पुलिस के अनुसार इस संबंध में ग्रामप्रधान द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है जिसने बताया बदमाश ग्रामीणों की कई चीजें लेकर चंपत हो गये। पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू की है।

## कर्ज लेकर मौज की और फिर पत्नियों को मार डाला

# कोलकाता में 3 महिलाओं का मर्डर



**कोलकाता.** कोलकाता में तीन महिलाओं के रहस्यमयी कत्ल को लेकर नए खुलासे हो रहे हैं। अब पुलिस ने जो दावा किया है, उसके मुताबिक परिवार लंबे समय से मोटे कर्ज में डूबा था। इसके बाद भी फैमिली ने अपने खर्चों में कोई कटौती नहीं की और लग्जरी लाइफ जीते रहे।

अंत में कर्ज का मर्ज इतना बढ़ गया कि परिवार की तीन महिलाओं को ही दो भाइयों ने खत्म कर दिया। इसके बाद वे खुद जान देने वाले थे, लेकिन रास्ते में उनकी कार का एक्सिडेंट हो गया। इस दौरान जब पुलिस पहुंची तो पूरे मामले का खुलासा हुआ।

शुरुआती जांच में यही बात थी कि शायद तीनों महिलाओं ने सुसाइड कर लिया था, लेकिन अब जानकारी मिली है कि उनका कत्ल किया गया था। खासतौर पर दो बहनों का कत्ल हुआ था। उनके साथ एक बहन रूमी की बेटी भी

### कर्ज लेकर ही लग्जरी लाइफ जीते रहे

सूत्रों के हवाले से पुलिस का कहना है कि परिवार लंबे समय से मोटे कर्ज में दबा था। इसके बाद भी उन लोगों ने खर्चों में कोई कटौती नहीं की और कर्ज लेकर ही लग्जरी लाइफ जीते रहे। अंत में जिंदगी ही खत्म करने का फैसला हुआ। पुलिस का मानना है कि इसी के तहत दोनों भाइयों ने पहले अपनी पत्नियों और एक बेटी को खत्म कर दिया। फिर बेटे के साथ दोनों आत्महत्या के लिए निकले, लेकिन रास्ते में उनकी कार का एक्सिडेंट हो गया। इस बीच जब पुलिस पहुंची तो उनमें से एक ने बताया कि घर में तीन लोग मरे पड़े हैं और उन्होंने आत्महत्या कर ली है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरी कहानी ही पलट दी और पता चला कि इन लोगों का कत्ल हुआ था। अब इन दोनों भाइयों को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद हिरासत में लिया जा सकता है।

### मुंबई पुलिस के सामने पहली बार पेश हुए रणवीर इलाहाबादिया

**मुंबई.** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और आशीष चंचलानी इंडियाज गॉट लेटेंट शो को लेकर चल रहे विवाद के बीच सोमवार को महाराष्ट्र साइबर सेल के सामने पेश हुए हैं। जानकारी के मुताबिक दोनों वहां अपना बयान दर्ज करने पहुंचे थे जहां पुलिस ने उनसे 2 घंटे तक पूछताछ की। इलाहाबादिया और चंचलानी को यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर कथित रूप से अश्लीलता को बढ़ावा देने के आरोप लगे हैं जिसके बाद मुंबई पुलिस ने दोनों को समन भेजा था।

महाराष्ट्र साइबर सेल के मुताबिक, आशीष चंचलानी और रणवीर इलाहाबादिया ने महाराष्ट्र साइबर सेल के अधिकारियों से संपर्क किया।

# वायुसेना को तेजस लड़ाकू विमान मिलने में क्यों देरी?

- हाई लेवल पैनल गठित, एक महीने की डेडलाइन

**नई दिल्ली.** भारतीय सेना को हल्के लड़ाकू विमान (LCA) एमके-1ए मिलने में देरी का मुद्दा इन दिनों गरमाया हुआ है। अब रक्षा मंत्रालय ने इसके उत्पादन और आपूर्ति में देरी को दूर करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अधिकारियों ने बताया कि एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। वायु सेना प्रमुख एपी सिंह ने कुछ दिनों पहले एलसीए विमानों की डिलीवरी में देरी का मामला उठाया था। दरअसल, बीते दिनों ऑपरेशनल स्क्वाड्रनों की संख्या में लगातार गिरावट देखी गई है। ऐसी स्थिति में भारतीय वायुसेना अपने लड़ाकू जेट बेड़े को काफी मजबूत करना चाहती है। आईएएफ को अपने लड़ाकू स्क्वाड्रनों की ताकत में बढोतरी के लिए हल्के लड़ाकू विमानों की जरूरत है। इसीलिए ऐसे 83 विमानों का ऑर्डर पहले ही दिया जा चुका है।



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति का गठन हुआ है। इन्हें एलसीए कार्यक्रम में अड़चनों की पहचान करने और उत्पादन में तेजी लाने के उपाए बताने होंगे।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि पैनल को अपनी रिपोर्ट एक महीने के भीतर सौंपनी होगी। क्या विमान निर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाया जाएगा? मौजूदा हालात में यह अहम सवाल बन गया है। जानकारों का मानना है कि ऐसा करके विमानों की डिलीवरी में तेजी लाई जा सकती है। हालांकि, इसकी क्या प्रक्रिया होगी और किन कंपनियों को मौका दिया जाएगा? समिति के सदस्य इन सवालों के जवाब देने की कोशिश कर सकते हैं।

### जोया खान की बढ़ीं मुश्किलें, दिल्ली को दहलाने वाले मर्डर में भी फंसी

गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी जोया खान की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने जोया खान को नादिर शाह मर्डर केस में भी गिरफ्तार कर लिया है। जोया को इससे पहले ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया था। हत्या के मामले में गिरफ्तारी के बाद जोया को पटियाला हाउस कोर्ट ने तीन दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

पिछले साल दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में जिम संचालक नादिर शाह की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड ने राजधानी को दहला दिया था। दिल्ली की कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगे थे। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

# भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया

- चैंपियंस ट्रॉफी में विराट कोहली की पहली सेंचुरी
- PAK टूर्नामेंट से लगभग बाहर

**दुबई.** चैंपियंस ट्रॉफी में विराट कोहली की पहली सेंचुरी के दम पर भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। कोहली ने नाबाद 100 रन बनाए, उन्हें श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल का बखूबी साथ मिला। गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने 3 और हार्दिक पंड्या ने 2 विकेट लिए।

दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम 49.4 ओवर में 241 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। यह भारत की टूर्नामेंट में दूसरी जीत है। टीम ने गुरुवार को बांग्लादेश को भी 6 विकेट से हराया था। लगातार दूसरी हार से पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया है। टीम का एक मैच बांग्लादेश से बचा है।

### प्लेयर ऑफ द मैच

5वें ओवर में भारत ने पहला विकेट गंवा दिया। रोहित शर्मा 20 रन बनाकर आउट हुए। नंबर-3 पर आए विराट कोहली ने संभलकर बैटिंग की। उन्होंने शुभमन गिल के साथ 69 और श्रेयस अय्यर के साथ 114 रन की पार्टनरशिप की। कोहली आखिर तक टिके रहे। 43वें ओवर में खुशदिल शाह के खिलाफ चौका लगाकर अपनी सेंचुरी पूरी की और टीम को जीत भी दिला दी।



विराट ने वनडे में 51वीं और इंटरनेशनल क्रिकेट में 82वीं सेंचुरी लगाई। वे पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप, वनडे वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में शतक बनाने वाले दुनिया के पहले प्लेयर बने। उन्होंने शतकीय पारी के साथ वनडे में 14 हजार और इंटरनेशनल क्रिकेट में 27,500 रन भी पूरे कर लिए।

### जीत के हीरो

**हार्दिक पंड्या:** टीम इंडिया को हार्दिक ने पहला विकेट दिलाया। उन्होंने बाबर आजम को विकेटकीपर के हाथों कराया। फिर फिफ्टी लगा चुके सऊद शकील का बड़ा विकेट भी लिया।

**कुलदीप यादव:** शुरुआती 5 ओवर में एक भी विकेट नहीं लेने के बाद कुलदीप ने सलमान आगा को कैच कराया। उन्होंने फिर शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट भी लिए।

**श्रेयस अय्यर:** 100 रन पर 2 विकेट गंवाने के बाद श्रेयस ने पारी संभाली। उन्होंने फिफ्टी लगाई और कोहली के साथ 114 रन की अहम पार्टनरशिप की।

# सुनीता विलियम्स ड्रैगन यान से लौटेंगी घर

**नई दिल्ली.** 9 महीनों से स्पेस में फंसी भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की जल्द ही धरती पर धमाकेदार और रोमांचक वापसी होने वाली है। नासा के अधिकारी दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की होली के बाद वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। इसके लिए स्पेस स्टेशन में सुनीता विलियम्स ने तैयारी भी शुरू कर दी है। उन्होंने धरती पर वापसी के लिए एक रिफ्रेशर सत्र में हिस्सा लिया। सुनीता विलियम्स स्पेसएक्स के ड्रैगन यान से धरती में एंट्री लेंगी।

सुनीता विलियम्स ने क्रू के साथ कंप्यूटर पर रिएंट्री प्रक्रियाओं का अभ्यास किया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वे स्पेसएक्स ड्रैगन क्रू अंतरिक्ष यान के जरिए पृथ्वी के वायुमंडल में सुरक्षित प्रवेश के लिए पूरी तरह तैयार हैं। क्रू-9 टीम, नासा के स्पेसएक्स क्रू-10 मिशन के आईएसआईएस पर पहुंचने के लगभग एक सप्ताह बाद, वहां से अनडॉक करेंगे।



### 19 मार्च को धरती में वापसी

क्रू-10 मिशन 12 मार्च को फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च होने के लिए निर्धारित है। इस मिशन के तहत नासा के अंतरिक्ष यात्री ऐनी मैकलेन और निकोल एयर्स, रोस्कोस्मोस (रूसी अंतरिक्ष एजेंसी) के कॉस्मोनॉट किरिल पेसकोव और जापानी अंतरिक्ष एजेंसी (JAXA) के अंतरिक्ष यात्री ताकुया ओनिशी को ISS भेजा जाएगा। यह क्रू रोटेशन नासा के निरंतर ISS उपस्थिति बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा है, जिससे वहां व्यापक वैज्ञानिक अनुसंधान और परिचालन गतिविधियाँ जारी रह सकें। गौरतलब है कि क्रू-9 मिशन को बोइंग स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान की तकनीकी समस्याओं के कारण बढ़ा दिया गया था। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर भी इस मिशन का हिस्सा हैं। स्टारलाइनर में तकनीकी दिक्कत के कारण उन्हें अंतरिक्ष में नौ महीने तक रहना पड़ा। उनकी वापसी क्रू-9 ड्रैगन अंतरिक्ष यान के माध्यम से होगी, जो अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा और क्रू रोटेशन की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

## संक्षेप...

### भिवंडी में आग लगने से दुकान जलकर खाक

**भिवंडी.** भिवंडी में ऑटोमोबाइल के कलपुर्जों की दुकान में आग लगने से दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई। बीएनएमसी की अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि भिवंडी शहर के वंजारपट्टी नाका पर मौजूद दुकान में रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे आग लगी, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। सूचना मिलने के बाद बीएनएमसी के पांच दमकल वाहनों को घटनास्थल पर भेजा गया।

# 10 मार्च को अजित पवार पेश करेंगे बजट

- 3 मार्च से मुंबई में शुरु होगा बजट सत्र
- 13 मार्च को होली पर रहेगा अवकाश

**मुंबई.** महाराष्ट्र में प्रचंड जीत के बाद सत्ता में लौटी महायुति सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट सत्र 3 मार्च से शुरू होगा। राज्य विधानमंडल का बजट सत्र मुंबई में आयोजित होगा। यह 3 मार्च से शुरू होकर 26 मार्च 2025 तक चलेगा। राज्य का बजट 10 मार्च को विधानमंडल के दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। महायुति के दूसरे कार्यकाल के आखिर में उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने बजट पेश किया था। इसमें उन्होंने लाडली बहन योजना का ऐलान किया था। फडणवीस सरकार में भी उन्हें वित्त विभाग मिला है। ऐसे में अजित पवार ही बजट पेश करेंगे। बीजेपी के अगुवाई वाली महायुति गठबंधन में विधानसभा चुनावों में लाडली बहन योजना की सम्मान राशि को 1500 रुपये बढ़ाकर 2100 रुपये करने का ऐलान किया था। महाराष्ट्र की विधानसभा 8 मार्च को भी चलेगी। ऐसे में अटकलें लग रही है कि क्या लाडली बहनों के वोटों से महाजीत हासिल करने वाली महायुति सरकार कोई बड़ा ऐलान करेगी?



### मुंबई में हुई बड़ी बैठक

रविवार को मुंबई में विधान सभा एवं विधान परिषद मामलों की सलाहकार समिति की बैठक रविवार को विधान भवन, मुंबई में हुई। इस दौरान सम्मेलन की कार्यवाही पर चर्चा की गई। इस बैठक में विधान परिषद के सभापति प्रो. राम शिंदे, विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट राहुल नार्वेकर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल, मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल, गिरीश महाजन, शंभुराज देसाई, विधायक प्रसाद लाड, प्रवीण दारकेकर, एडवोकेट अनिल परब, हेमंत पाटिल, श्रीकांत भारतीय, छगन भुजबल, जितेंद्र आव्हाड, डॉ. नितिन राऊत, रणधीर सावरकर, अमीन पटेल, विधान सचिव (1) जितेंद्र भोले, सचिव (2) विलास आठवले सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। विधान परिषद के उपसभापति डॉ. नीलम गोर्हे ने टेलीकांफ्रेंस के माध्यम से भाग लिया।

बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि महाराष्ट्र की विधान सभा 8 मार्च 2025 के सार्वजनिक अवकाश पर अपना कार्य जारी रखेगी, जबकि इस बैठक में 13 मार्च, 2025 को होली के अवसर पर अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया गया। महाराष्ट्र विधानमंडल के बजट सत्र की तारीखें तय होने के बाद अब सभी की नजरें राज्य के बजट पर टिकी हैं। देखना होगा कि कैसे अजित पवार लाडली बहन योजना के लिए फंड की व्यवस्था रखने का ऐलान करते हुए वित्तीय सामंजस्य बनाते हैं। महाराष्ट्र की नई विधानसभा में आधिकारिक तौर विपक्ष के नेता का चयन नहीं हुआ है। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने आदित्य ठाकरे और कांग्रेस ने विजय वडेट्टीवार को पार्टी का नेता घोषित किया है।

## कोनगांव का पुलिस उपनिरीक्षक 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**भिवंडी.** भिवंडी कोनगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के प्रयास मामले में संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर पुलिस उपनिरीक्षक द्वारा मांगी गई रिश्वत को लेकर ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने जाल बिछा कर 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पुलिस उपनिरीक्षक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. गिरफ्तार पुलिस अधिकारी राजेश डोंगरे के खिलाफ कोनगांव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर उसे भिवंडी न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय द्वारा उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है.



प्राप्त जानकारी के अनुसार भिवंडी कोनगांव पुलिस स्टेशन में तैनात पुलिस उपनिरीक्षक राजेश डोंगरे ने कोनगांव पुलिस स्टेशन में दर्ज हत्या के प्रयास का एक मामले में एक संदिग्ध आरोपी को सजा से बचने के लिए 80 हज़ार रुपये की रिश्वत मांगी थी. समझौता कर 25 हजार रुपए देना तय किया गया लेकिन शिकायतकर्ता ने इस मामले में ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक विभाग पहुंच कर राजेश डोंगरे के खिलाफ शिकायत दर्ज करा दी.ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम कोनगांव पुलिस स्टेशन पहुंच कर जाल बिछा कर बैठ गई और पुलिस अधिकारी राजेश डोंगरे को 10 हज़ार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों हिरासत में ले लिया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नेतराम म्हस्के ने बताया कि पुलिस उपनिरीक्षक राजेश डोंगरे के खिलाफ कोनगांव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

## भिवंडी में आरोपी ने पुलिस अधिकारी को धमकाया

**भिवंडी.** पेशी पर गए भिवंडी जिला न्यायालय में एक आरोपी ने कोर्ट में हंगामा करते हुए पुलिस अधिकारी को खुलेआम धमकी देते हुए कहा कि ज्यादा दिन जेल में नहीं रहूँगा. शांतिनगर पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता पुलिस सिपाही शाहदेव माली खेडकर (29), पुलिस शिपाई ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी मोहम्मद अली अब्दुल अजीज शेख (45), निवासी शांतिनगर को अदालत में पेशी के लिए लाया गया था। कोर्ट परिसर में आते ही आरोपी ने न्यायाधीश के सामने चिल्लाना शुरू कर दिया और पुलिस अधिकारियों को धमकी देने लगा। आरोपी ने खुलेआम कहा – तुम लोग मुझे ज्यादा दिन जेल में नहीं रख सकते, मैं बाहर आऊंगा! इसके बाद उसने अपनी पत्नी और अन्य लोगों के साथ मिलकर गाली-गलौज की। कोर्ट में पेशी के लिए आए लोग इकट्ठा हो गए। घटना को देखते हुए शांतिनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 132, 74, 79, 352, 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है.

**भिवंडी में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के दूसरे चरण की करवाई संपन्न**

## विधायक चौगुले के हाथों 4500 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और पहली किस्त वितरित

**भिवंडी.** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण चरण दो के कम से कम 10 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त वितरित करने के लिए राज्य, जिला, तालुका और ग्राम पंचायत स्तर तक ऑडियो-विजुअल माध्यम से कार्यक्रम आयोजित किया गया था। भिवंडी पंचायत समिति सभागृह में विधायक महेश चौघुले के हाथों से स्वीकृति पत्र एवं प्रथम किस्त का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंचायत समिति समूह विकास अधिकारी गोविंद खामकर, समूह विकास उपयंत्री आरएस नाले, सहायक समूह विकास अधिकारी इंद्रजीत काले, पूर्व उपसभापति गजानन असावरे सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे। गौरतलब हो कि भिवंडी तालुका में इस योजना के तहत 4 हजार 500 लाभार्थियों को लाभ मिलेगा और आज इस योजना के तहत स्वीकृति पत्र और 15 हजार रुपये की पहली किस्त वितरित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक महेश चौगुले ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना के माध्यम से हर निराश्रितों को घर उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है और राज्य में नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के नेतृत्व में प्रशासन ने इस योजना को वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचाने का काम किया है।



## नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

**पालघर.** पालघर जिले में पुलिस ने एक व्यक्ति को 16 वर्षीय लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मामले में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस वारदात के बाद पीड़िता गर्भवती हो गई, जिससे इसका खुलासा हुआ। 22 वर्षीय आरोपी और लड़की नालासोपारा इलाके के ही निवासी हैं, दोनों एक-दूसरे को जानते थे। अचोले पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी पिछले महीने की शुरुआत में लड़की के घर गया था, जब वह अकेली थी और कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि मेडिकल जांच के दौरान लड़की छह सप्ताह की गर्भवती पाई गई। अधिकारी ने बताया कि लड़की की मां ने पुलिस से संपर्क किया, जिसके बाद शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.

## छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की जिम्मेदारी यातायात विभाग ने ली

- यातायात जाम की समस्या से मिलेगा निजात
- घोड़बंदर मार्ग के लिए आठ सवारियाँ तैयार

**ठाणे.** छात्रों की 10वीं की परीक्षा शुरू हो गई है।छात्र समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंच सकें इसके लिए ठाणे यातायात विभाग ने जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए योजना बनाई है।यदि कोई छात्र ट्रैफिक जाम में फंसा है तो उसे परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए ट्रैफिक विभाग से राइडर मिलेगा। ठाणे यातायात विभाग ने ऐसे 50 राइडर्स को आयुक्तालय की सीमा में रखा है।कल्याण शिलफाटा सड़क पर काम पूरा हो चुका है।पिछले पांच दिनों से निलजे में काम शुरू हो गया है।इसलिए अब यहां यातायात की भीड़ फिर से नियंत्रण में होगी और बंद सड़कों को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया है।इससे 12वीं के छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी।10 वीं कक्षा की परीक्षा से शुरू हो गई है।यदि किसी छात्र को ठाणे शहर यातायात विभाग के अंतर्गत ट्रैफिक जाम के कारण परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में देरी होती है यदि छात्र ट्रैफिक जाम में फंस जाता है तो यातायात विभाग द्वारा सवारियों की सहायता दी जाएगी।ट्रैफिक विभाग के राइडर्स छात्र को अपने साथ लेकर ट्रैफिक जाम के बीच से रास्ता बनाते हुए तेज गति से परीक्षा केंद्र पर छोड़ेंगे।जाम से निजात पाकर छात्र सायरन की आवाज के बीच परीक्षा देने पहुंच सकेंगे। यातायात पुलिस ने परीक्षा केंद्र स्थल और मार्ग पर यातायात की योजना बनाई है और सड़कों पर आवश्यक बल तैनात किया गया है।



### छात्र कैसे मदद मांगते हैं

जस्टिस फॉर घोड़बंदर संस्थान ने घोड़बंदर मार्ग पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए अच्छी योजना बनाई है।छात्र को परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए समूह के कार्यकर्ता वाहन के साथ तैयार रहेंगे।इस ग्रुप में 10 से 12 हजार सदस्य हैं और एक छात्र को मदद की जरूरत है जहां वह ट्रैफिक जाम में फंसा हुआ है। इसके तुरंत बाद ग्रुप और ट्रैफिक पुलिस की ओर से उसे परीक्षा स्थल तक जाने की व्यवस्था की जाएगी। यह जानकारी संस्था के सदस्य गिरीश पाटिल ने दी।

यातायात वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जितेंद्र राठौड़ ने बताया कि घोडबंदर रोड पर 8 राइडर्स तैनात किया गया है।अब तक लगभग 20 जाम में फंसे हुए छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुचाया गया है।

ट्रैफिक जाम में फंसे छात्रों का वीडियो, जानकारी मिलते ही जस्टिस फॉर घोड़बंदर ग्रुप को सूचना भेज दी जाएगी. समूह का एक सदस्य जो उस स्थान के पास रहता है वह तुरंत वहां पहुंचेगा और उसे परीक्षा केंद्र तक ले जाएगा।

## भिवंडी में हत्या कर फरार हुआ आरोपी जम्मू-कश्मीर से धराया



**भिवंडी.** अपने दोस्त मजदूर का वेतन छीनकर उसकी हत्या कर फरार हुए आरोपी को तकनीकी जांच के आधार पर निजामपुर पुलिस ने साबिर रहमतुल्लाह अंसारी, उम्र 21 वर्ष, पूर्वी चंपारण, बिहार को जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. मृतक कर्मचारी का नाम नीरजकुमार गोपीनाथ विश्वकर्मा जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश है.

पुलिस के मुताबिक, 4 फरवरी की आधी रात को मृतक और आरोपी दोनों शहर के पास खोनी ग्राम पंचायत क्षेत्र में शान होटल के पास एक फैक्ट्री में काम कर रहे थे. आरोपी साबिर अंसारी ने लोहे के हथौड़े से नीरजकुमार के माथे और सिर के पिछले हिस्से पर वार कर घायल कर दिया और उसके वेतन के पैसे जबरन छीन कर भाग गया. घायल नीरजकुमार को इलाज के लिए मुंबई के केईएम अस्पताल में भर्ती कराया गया और इलाज के दौरान 18 फरवरी को नीरजकुमार की मौत हो गई. तकनीकी जांच से पता चला कि अपराध में संदिग्ध आरोपी दिल्ली में है. पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश के लिए दिल्ली रवाना हुई. लेकिन तब तक आरोपी वहां से भाग चुका था. रेलवे स्टेशन क्षेत्र के सीसीटीवी की जांच की और पाया कि आरोपी ट्रेन से नई दिल्ली से जम्मू तवी गया था. आरोपी के मोबाइल फोन की तकनीकी जांच कर जम्मू-कश्मीर की स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को अनंतनाग के लालचौक में एक बेकरी से गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस को उसके पास से चोरी के कुल 29 हजार कीमत के मोबाइल फोन और नकदी बरामद की गई है.

**मुंबई विश्वविद्यालय इंटर जोन योगा प्रतियोगिता में**

## SST कॉलेज के छात्र आशिष यादव ने जीता स्वर्ण पदक



**उल्हासनगर.** एसएसटी कॉलेज के छात्र आशिष यादव ने एम.एल. दहानुकर महाविद्यालय में आयोजित मुंबई विश्वविद्यालय इंटर जोन योगा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, लेकिन अपने उत्कृष्ट कौशल और आत्मविश्वास के बल पर आशिष ने अपनी अलग छाप छोड़ी।

इस सफलता के कारण एसएसटी कॉलेज का नाम रोशन हुआ है और छात्रों के बीच प्रेरणा का माहौल बना है। आशिष की इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य, क्रीड़ा शिक्षक, अन्य शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों ने उसका अभिनंदन किया। उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए महाविद्यालय में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

योग जैसी प्राचीन कला में ऐसी उपलब्धि हासिल करके आशिष ने युवाओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया है। उनकी यह यात्रा निश्चित रूप से प्रेरणादायक है।

## मुंबई महानगर के 50 स्थानों पर स्वच्छता अभियान

**पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार, जिसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी - निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज**







**कल्याण.** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं सत्कार योग्य आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से 23 फरवरी को 'अमृत प्रोजेक्ट' के 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के तीसरे चरण का आयोजन विश्वभर में हुआ और उसी के साथ दिल्ली के ग्राउंड नं 8 में एक विशाल सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। देश-विदेश में चलाये गए इस प्रोजेक्ट अमृत में ठाणे क्षेत्र में सिद्धेश्वर तालाब, हंस नगर, ठाणे (पश्चिम); रायलादेवी तालाब, वागले इस्टेट, ठाणे, ओवला निरंकारी भवन के पास वाला तालाब और डोंबिवली परिक्षेत्र में गांवदेवी मंदिर सार्वजनिक तालाब, डोंबिवली; गणेश तालाब, डोंबिवली (पूर्व); गणपती विसर्जन तालाब, ठाकुर्ली (पूर्व); गौरीपाडा तालाब, कल्याण (पश्चिम); उंबर्डे गांव तालाब, कल्याण (पश्चिम); नांदिवली कोलीवाडा तालाब, कल्याण (पूर्व); आदवीवली ढोकाली तालाब, कल्याण (पूर्व); उल्लास नदी, पांजरापोल, भिसोल; माऊली तालाब, निलजे गांव; उल्हास नदी, बदलापुर (पश्चिम); टेमघर एवं देवजी नगर, भिवंडी; खदान तालाब, अंबरनाथ (पश्चिम); बुरदुल गांव तालाब; गणेश विसर्जन घाट व भातसा नदी, वाशिंद; गंगा देवस्थान, शहापुर और व्यंकटेश्वर मंदिर उल्हास नदी, आंबिवली (पूर्व) आदि स्थानों में सफाई की गई | इसके अतिरिक्त मुंबई शहर एवं उपनगर के कई तालाब एवं समुद्र तटीय बिच, नवी मुंबई के कई तालाब एवं मिनी सी शोअर; पनवेल व उरण के तालाब, भाईंदर की उत्तन चौपाटी; वालीव(वसई) का तालाब, नालासोपारा का कलंब बिच; अर्नाला बिच आदि अनेक स्थानों पर भी यह स्वच्छता अभियान चलाया गया |

इस अभियान के दौरान कई गणमान्य व्यक्तियों ने स्थान स्थान पर शिष्टाचार भेंट करते हुए स्वच्छता अभियान का अवलोकन किया और मिशन के मानवता के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा भी की | राज्य के पर्यटन एवं कौशल्य विकास मंत्री माननीय श्री मंगल प्रभात लोढा ने गिरगांव चौपाटी पर, राज्य के वन मंत्री माननीय श्री गणेश नाईक ने कोपरखैराणे (नवी मुंबई) में, विधायक संजय केलकर एवं पार्षद एडवोकेट निरंजन डावखरे ने ठाणे के सिद्धेश्वर तालाब पर और बदलापुर में विधायक किसन कथोरे ने उपस्थित रहते हुए सेवादार भक्तों का उत्साह बढ़ाया | इसके अतिरिक्त कई स्थानों पर समाजसेवी सज्जन एवं महापालिका अधिकारियों ने भी इस अभियान में शिरकत की |

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

## अक्षय कुमार ने संगम में लगाई डुबकी

- CM योगी की तारीफ की
- कैटरीना कैफ भी महाकुंभ पहुंची

अक्षय कुमार ने सोमवार को प्रयागराज में महाकुंभ के चलते संगम में स्नान किया। महाकुंभ का आज 43वां दिन है। कुंभ को खत्म होने में अब केवल 2 दिन बचे हैं। इसी बीच एक्टर के प्रयागराज पहुंचने के कई फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। स्नान और पूजा-अर्चना के बाद एक्टर ने उत्तर प्रदेश सरकार के मैनेजमेंट की तारीफ की। उन्होंने कहा- मैं सीएम योगी को इतना अच्छा मैनेजमेंट करने के लिए शुक्रिया अदा करता हूं।



अक्षय कुमार ने कड़ी सुरक्षा के बीच त्रिवेणी संगम में स्नान किया। उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने कहा, "इससे पहले प्रयागराज में जब कुंभ का आयोजन हुआ था तो इतनी अच्छी व्यवस्था नहीं थी। लेकिन इस बार सीएम योगी ने काफी अच्छी व्यवस्था की है। अंबानी-अडाणी से लेकर बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार संगम में स्नान करने के लिए शामिल हो पाए। मैं सीएम का शुक्रिया अदा करता हूं।"

### कैटरीना कैफ भी महाकुंभ पहुंची

कैटरीना कैफ भी सोमवार को प्रयागराज के महाकुंभ में पहुंची। एक्ट्रेस की भी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। इन तस्वीरों में कैटरीना, परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानंद सरस्वती और साध्वी भगवती सरस्वती का आशीर्वाद लेते हुए दिखाई दे रही हैं। इस दौरान तस्वीरों में छत्रपति संभाजी महाराज का स्टैच्यू भी दिखाई दे रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस के पति और एक्टर विक्की कौशल की फिल्म छावा रिलीज हुई है। फिल्म में एक्टर, संभाजी महाराज के किरदार में नजर आए हैं।

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985




www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099